प्रकाशन, लेखन, संकलन, सम्पादन

मोहनलाल बोल्या

37, शांति निकेतन कॉलोनी,
बेदला-बड़गांव लिंक रोड़, उदयपुर-313011
फोन : 0294-2450253
मोबाइल : 09461384906
Website : www.mewarjaintemple.com

पुस्तक प्राप्ति स्थल : धुप्या ज्वेलर्स,
16, बड़ा बाजार, उदयपुर

सहयोग राशि :
400/- चार सौ रूपये

सर्वाधिकार लेखन के अधीन

संस्करण - 2016

डिजाईनिंग :
वेव ग्राफिक्स, उदयपुर, मो. 09829244710

।। ॐ ह्री श्री अर्हम् श्री जीरावला पार्श्वनाथाय नमः ।।

कलिकाल, कल्पतरु, महाप्रभाविक,
जीवित जगजयवंत, 2800 वर्ष प्राचीन जीरावला पार्श्वनाथ

गुरु आशीष

प्राचीन शास्त्रोंद्धारक देशनादक्ष आचार्य देव विजय श्री हेमचंद्रसूरीश्वर जी म.सा.

भाग्य मनुष्य को सद्‌गुणी नहीं बना सकता भाग्य तो पुण्याधीन है। भाग्य में लिखा सुख, सुविधा सामग्री, सभा संपत्ति मिलती है लेकिन सद्‌गुण मिले, इसका कोई नियम नहीं होता वरन् सद्‌गुण सत्संग संस्कार व सद्‌बुद्धि के अधीन है।

एक भाई ग्राम में रहता था, पैसा नहीं था फिर भी सुखी रहता था और जब शहर में गया तो पैसा बढ़ा और उससे जीवन में दोष आए कई रोग आए, टेंशन बढ़ा तब जीने का मन नहीं करता, दिन पूरे होगए ऐसा लगने लगा। सद्‌भाग्य से जीवन समृद्धि बनता है परंतु सद्‌गुणों से जीवन शांत, प्रशांत बनता है, वहीं भाग्य बदलने में समय नहीं लगता–रोयल स्टेट के मालिक एक शत में भूकंप आने से बिखर जाता है इसी प्रकार इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, गांधी जी जैसे व्यक्तिकाल में नहीं जाते, यह भाग्य है। भाग्य अविश्नीय होता है, भाग्य भरोसे नहीं रहना चाहिए। पैसा समाप्त हो जाएगी। जिसके पास सद्‌गुण है, संतोषी है, अनीति से व्यापार नहीं करता है तो उसे थोड़ा है तब ही अधिक लगता है।

सद्‌गुण से सदाचार आता है, संतोषी व सरल होता है जैसे वेश्या कोषा नामक गणीजना ने अपने नृत्य, कामुक पौशाक से स्थूलभद्र को विचलित नहीं कर सकी। इसी प्रकार शिवाजी जैसे सात्विक जैसे योद्धा थे उनके समय हुए युद्ध में सैनिको ने मुस्लिम महिला को बंदी बना कर शिवाजी के सम्मुख पेश किया तो शिवाजी ने उनका सत्कार कर बहिन का दर्जा देकर पुनः उनके डेरे (स्थान) पर घुड़वाया। यह सदाचारी, सद्‌गुणी की पहचान है।

भाग्य चंचल होता है लेकिन सद्‌गुण स्थायी होते है। सदाचारी, सद्‌व्यवहारी, सद्‌गुजी ही एक लक्ष्य निर्धारित करता है और उसे पूर्ण कर जीवन सार्थक करता है। ऐसे ही सद्‌गुणी, सदाचारी मोहनलाल बोल्या ने मेवाड़ का मंदिरो का इतिहास लिखने का लक्ष्य निर्धारित किया और अपने जीवन को सार्थक किया और उससे आगे बढ़कर अपनी आत्मा रूपी ज्ञान को दर्शाया है। अंनत ज्ञान, सुख और आनंद आत्मा का सबका है। अपना दुर्भाग्य है कि आत्मा स्वरूप को भूलकर देव ऋदि आदि मिले, ऐसे प्रयत्न में लोग है, यह सब छोड़ कर सम्यग्य दर्शन, ज्ञान चारित्र की आराधना में स्थिर होकर आत्मस्वरूप शाश्वत सुख को प्राप्त करे यही मेरी शुभकामना व आशीष धर्मलाभ...

जैननगर, अहमदाबाद
14/06/2016

आचार्य हेमचंद्र सूरि
(आ. हेमचंद्र सूरी)

प्रस्तावना एवं आशीष

वर्धमान तपोनिधि
आचार्यदेव श्री विजयकल्याणबोधि
सूरीश्वर जी म.सा

प्रभु के मंदिरों और प्रतिमाएँ आर्य संस्कृति की प्रतीक है। समाज की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक धरोहर है। हमारे पुरोधा ने भक्ति भाव से मंदिर व प्रतिमाओं का जतन व संरक्षण किया है जो प्रभाविक रूप से अमूल्य निधि है। धर्म के दानवीर श्रेष्ठियों ने मंदिरों व प्रतिमाओं का भक्तिपूर्वक सृजन कराया। सृजन करना व कराना एक महत्वपूर्ण क्रिया है। जिससे प्रभु की पूजा, भक्ति होती रहती है। सृजन से अधिक महत्वपूर्ण संरक्षण व पूजा का होता है। संरक्षण के प्रति समाज उदासीन ही दिखाई देता है।

धर्मांध व अनार्यों ने मंदिरों को खण्डित किया उसको समाज व भक्तजनों ने पुनः सृजन किया और संरक्षण किया, लेकिन ''वर्तमान में क्या किसी भी ट्रस्टी को पूछो कि यह मूर्ति कितनी पूरानी है'' ? इसमें क्या विशेषता है ? मंदिर किसने बनाया ? किसने प्रतिष्ठा कराई ? कब प्रतिष्ठा हुई ? तो वह सिर खुजलाता हुआ बोलेगा कि पता नही, पूछकर बताऊँगा।''

मंदिरों में कई प्रतिमाएं है जिनमें नूतन, प्राचीन व अति प्राचीन भी होती है, यदि ट्रस्टी को पूछे कि मंदिर में कुल कितनी प्रतिमाएं है, कोई Antique भी है तो वे अज्ञान होकर चुप रहते है। अच्छा यह है कि प्रत्येक मंदिर का स्टॉक रजिस्टर हो और ट्रस्टीगण समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण करे तो सभी के बारे में जानकारी हो सकती है।

किसी एक मंदिर में मूर्ति की चोरी हो जाए तो किसी ट्रस्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता, पेट का पानी भी नहीं हिलता, दूसरी ओर किसी ट्रस्टी का महंगा मोबाइल खो जाए तो वह धरती आसमान एक कर देता है कि मोबाईल कहां है और कौन ले गया ? लेकिन मूर्ति खोने पर कोई असर नहीं होता है तो समझना कि प्रभु प्रति कोई भक्ति भाव नहीं है। कई वर्षों पहले की बात है कि गुजरात में खम्भात नगर में स्तभंन पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर में से तक चोरी हो गई, प्रयत्न करने पर भी नहीं मिली तब वहां के भक्तगणों, जिसमें 8 वर्ष के बालक से लगाकर 80 वर्ष तक के बुजुर्गों ने अन्न-जल त्याग दया और तप के बल से दो दिन में मूर्ति मंदिर में आ गई, बाद में उसकी पुनः प्रतिष्ठा कराई गई। यह है मंदिर व प्रतिमाओं के प्रति भक्तों का भाव। ट्रस्टीगणों को प्रतिमाओं की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए, ट्रस्टीगण प्रभु के प्रति लगाव रखे, विडियोग्राफी करवाकर लेखों को संग्रहित करना चाहिए, डिजिटलाईजेशन करावे। प्रभु के प्रति इन्द्र देवताओं का भक्ति भाव कितना बेमिसाल था, कि प्रभु के जन्म कल्याणक के समय प्रभु को मेरू पर्वत पर ले जाकर स्नान कराकर पुनः माता के पास में सुला देना, यह सब भाव-भक्ति का प्रतीक है। ट्रस्टियों को मंदिर का बैंक डिपोजिट, आवक, जावक का ख्याल करते हुए पारदर्शक बनाना चाहिए ।

सुरक्षा के इस कार्य को श्रावक मोहनलाल बोल्या ने सिरोही जिले के मंदिरों के लेखों को संग्रहित कर पुस्तक में समावेश किया। प्राचीन धरोहर के लिए सुरक्षा कवच खड़ा कर अनुमोदनीय एवं स्मरणीय कार्य भी किया है। श्री मोहनलाल बोल्या ने मंदिरों के इतिहास के साथ-साथ, प्रतिष्ठा, अंजनशालाका, निर्माणकर्ता आदि का भी का समावेश कर शासन की सेवा की है जिसकी भूरी-भूरी अनुमोदना करता हूँ और इनके स्वस्थ, दीर्घायु व इनके हर क्षेत्र में सफलता की कामना करता हूँ।

आचार्य विजय कल्याणबोधिसूरि.

(आचार्य विजय कल्याण बोधिसूरि)

गुरु आशीष

पन्यास प्रवर श्री अपराजितविजय जी म.सा..

पन्यास अपराजित विजय जी म.सा.
श्रावक रत्न मोहनलाल जी बोल्या,

सादर धर्मलाभ ।

एक संत थे, उनका भक्त एक सम्राट था, हमेशा वह सम्राट अपने गुरू संत को याद करता था, एक बार संत वापस उस नगर के बाहर पधारे, सम्राट उसके दर्शन के लिए उनके पास आया, प्रवचन पुरा हुआ, तब सम्राट ने संत से पूछा कि है गुरूदेव ! आप कभी इस सेवक को याद करते थे ?

संत ने कहा - कभी कभार तुम्हारा स्मरण इस प्रकार से हो जाता था कि एक सम्राट जो मेरा भक्त है परंतु बाद में इस स्मरण पर मुझे रोना आ जाता था। इसलिए कि दूसरें का स्मरण इसका सीधा अर्थ यह होता था कि आपका विस्मरण प्रभु ऐसा क्यों हुआ, यह प्रसंग हमको सतत् परमात्मा के स्मरण की प्रेरणा देता है। जीवन में दो वस्तु का हर दिन स्मरण होना चाहिए, एक परमात्मा और दुसरी वस्तु अपनी मौत, परमात्मा का मंदिर परमात्मा का स्मरण करता है और श्मशान अपनी मौत का स्मरण कराता है इसलिए हर गांव, शहर, नगर में किसी भी हालत में यह दो वस्तु तो होती ही है।

उदयपुर के सुश्रावक मोहनलाल बोल्या ने उदयपुर नगर से प्रारम्भ कर देलवाडा, मेवाड के जैन तीर्थ (तीन-तीन भाग में) श्री जैन श्वेताम्बर तीर्थ-केशरीयाजी, नवकार मंत्र स्मारिका, वागड़ के जैन श्वेताम्बर मंदिर आदि पुस्तकों का लेखन-संपादन किया अब 'सिरोही व पाली जिलें के जैन मंदिर' पुस्तक का सम्पादन हो रहा है। वयोवृद्ध और खुद शारीरिक अस्वस्थ होते हुए भी अपने तन-मन-धन का योगदान देकर, खुब ही परिश्रम उठाकर विविध मंदिरों के चित्रों-इतिहास-का संग्रह करके पुस्तक का प्रकाशन कार्य किया है उनकी भूरि-भूरि अनुमोदना करता हुँ आपके सभी पुस्तक न उन क्षेत्र के मंदिरों की स्पर्शना करने हेतु अत्यंत उपयोगी है और यात्रालुओं के लिए उपयोग में आ रही है। घर में बैठकर भी उन सभी मंदिरों-प्रतिमाओं के दर्शन कर भाव से यात्रा करने में खुब ही उपयोगी है।

आपने समाज को यह सभी पुस्तकें भेंट करके खुब उपकार किया है। पुरा जैन समाज हमेशा के लिए आपका ऋणी रहेगा। अंत में शासन देवता से प्रार्थना करता हुँ कि आपको अच्छा स्वास्थ्य, जीवन में शान्ति। अंत समय में अच्छी समाधि को प्राप्त करें।

यही एक शुभकामना

द. अपराजित वि.म.

(द. पन्यास अपाराजित वि. म.)

ओसवाल समाज के आद्य संस्थापक आचार्य श्री रत्नप्रभ सूरि जी महाराज

प.पू. मोक्ष मार्ग के सच्चे सारथी आचार्य देव श्रीमद् विजय भुवनभानु सूरीश्वर जी म.सा.

प.पू. समता सागरपं. प्रवर श्री पद्मविजय जी म.सा

सिद्धांत महोदधि आचार्य देव श्रीमद् विजय प्रेम सूरीश्वर जी म.सा.

प.पू. प्राचीन आगम शास्त्रोद्धारक वैराग्य देशनादक्ष आचार्य श्रीमद् विजय हेमचंद्र सूरीश्वर जी म.सा.

प.पू. वर्धमान तपोनिधि आचार्य देव श्रीमद् विजय कल्याण बोधि सूरीश्वर जी म.सा.

पुरोवाक्



मंदिर हमारी आस्था, श्रद्धा व अस्तिकता की साकार अभिव्यक्ति हैं। राजस्थान में सिरोही व पाली के जैन श्वेताम्बर मंदिरों के इतिहास पर श्रीमान् मोहनलालजी बोल्या एवं उनके सहयोगी श्री हरकलालजी पामेचा द्वारा संकलित यह पुस्तक हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत एवं समसामयिक आध्यात्मिक चेतना के सजीव चित्रांकन की अत्यंत सशक्त माध्यम सिद्ध होगी। सिरोही व पाली दोनों ही देश के अत्यंत प्राचीन ऐतिहासिक नगर रहे हैं। इस संपूर्ण क्षेत्र में विविध जैन श्वेताम्बर मन्दिरों सहित अनेक अति प्राचीन सनातन मंदिरों की भी पूरी श्रृंखला व उसका अक्षुण्ण इतिहास है। यह क्षेत्र जैन मन्दिरों में भगवान ऋषभदेव से भगवान महावीर पर्यन्त सभी तीर्थंकरों व सनातन मंदिरों में सभी सनातन देवी–देवताओं यथा भगवान शिव, ब्रह्मा, विष्णु, दुर्गा जी सहित सभी प्रमुख देवी–देवताओं के मंदिरों से युक्त है। यह क्षेत्र अत्यंत धर्मप्राण क्षेत्रों में से है। पाली व सिरोही की ऐतिहासिक प्रचीनता के साथ ही इन जिलों के निकटतम स्थल भीनमाल, जिसका प्राचीन नाम श्रीमाल भी रहा है, विश्व के ऐतिहासिक मानचित्र का एक प्रसिद्ध स्थल है। भीनमाल महाकवि माघ व विश्व के ख्यातनाम् गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त की जन्म स्थली और उस काल में गुजरात की राजधानी होने से डेढ़ सहस्त्राब्दी भी अधिक काल से यह स्थान विश्व मानचित्र पर रहा है। ईस्वी वर्ष 598वें में जन्में भारतीय गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त से ही भारत के बाहर, सम्पूर्ण विश्व को शून्य एवं दाशमिक प्रणाली सहित बीजगणित व रेखागणित का अधिकांश ज्ञान प्राप्त हुआ था। ब्रह्मगुप्त के काल में ही सिरोही व 'हाथ' नामक गाँव में बना ब्रह्माजी का मन्दिर भी इस क्षेत्र के अति प्राचीन गौरव का भी साक्षी है। अतएवं यह क्षेत्र सस्त्राब्दियों पर्यन्त हमारी आगामी पीढ़ियों के लिये सांस्कृतिक व आध्यात्मिक दिग्दर्शन एवं प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

इस संपूर्ण क्षेत्र में अवस्थित प्राचीन जैन व सनातन मंदिरों की श्रृंखला अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें हाल के वर्षों में जिन अत्यंत भव्य व मनोरम जैन श्वेताम्बर मंदिरों का निर्माण हुआ है, वे यहाँ के जैन समाज की आस्था की उदात्त अभिव्यक्ति हैं। प्राचीन जैन मंदिरों में बामनवाड़ का मन्दिर, वीरवाड़ा का मन्दिर, लौटाना का मन्दिर आदि जितने प्राचीन है उतने ही भव्य भी हैं। ये सभी मन्दिर हमारी स्थापत्य कला व शिल्प शास्त्र की अनमोल पुरातात्विक धरोहर हैं और प्राचीन काल चली से आ रही हमारी समृद्ध वास्तुकला, आध्यात्मिक चेतना, साकार विग्रह की आराधना की अनादि परम्परा और समाज की आध्यात्मक निष्ठा के द्योतक है।

इस पुस्तक के लेखक श्रीयुत मोहनलालजी बोल्या एवं उनके सहयोगी श्री हरकलालजी पामेचा द्वारा इस कृति के संकलन में अत्यंत परिश्रम पूर्वक जो चित्र संचय व लेखन कार्य किया गया है, वह अत्यंत सराहनीय है और उनके द्वारा किये सुदीर्घ अध्ययन, अवलोकन व उपासना से अर्जित श्रद्धा के समन्वय का यह अप्रतिम द्योतक है। यह पुस्तक जहाँ एक ओर हमारी प्राचीन संस्कृति के अद्येताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, वहीं मन्दिरों के वास्तु, आध्यात्म विद्या, प्राचीन व अर्वाचित हस्त शिल्प और इतिहास को भी प्रतिबिम्बित करती रहेगी।

श्रीमान् मोहनलाल जी बोल्या द्वारा इस प्रकार की पुस्तकों का पूर्व में भी लेखन व सम्पादन किया गया है। वह भी अत्यन्त उत्कृष्ट रहा है। इनकी पूर्व कृतियों की भांति यह पुस्तक भी पाठकों में लोकप्रिय होगी।

अधोहस्ताक्षरकर्त्ता इन लेखक द्वय की इस श्रम साध्य कृति की रचना के लिए उनके प्रति साधुवाद व्यक्त करता है। उनके द्वारा इस प्रकार के महनीय कार्यों के लिए साधुवाद ज्ञापित करते हुये उनके दीर्घायु व सक्रिय जीवन की कामना करता हूँ कि उनका इस प्रकार का लेखन कार्य अनवरत जारी रहे।

शुभेच्छा पूर्वक

(भगवती प्रकाश)
उप कुलपति : पैसीफिक विश्वविद्यालय,
उदयपुर

शुभ संदेश



श्री बोल्या सा.,

आपका पत्र 23.4.2016 का प्राप्त हुआ।

आप द्वारा सिरोही एवं पाली जिले के श्री जैन श्वेताम्बर मन्दिरों का इतिहास चित्र सहित प्रकाशित किया जा रहा है, आपक प्रयास अनुकरणीय है।

मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक शीघ्र प्रकाशित होकर समाज के लिए मार्गदर्शक के रूप में उपयोगी रहेगी।

(राज लोढ़ा)

सचिव : श्री जैन श्वेताम्बर वासुपुज्य महाराज मंदिर ट्रस्ट

उदयपुर

संसार में ऐसा कोई धर्म नहीं है जिसने तीर्थ की सार्थकता को स्वीकार नहीं किया हो। प्रत्येक धर्म तीर्थ से जुड़ा है। सच तो यह है कि तीर्थ से ही धर्म को जीवन मिलता है वास्तव में तीर्थ हर धर्म का नाभिस्थल है, श्रृद्धा केन्द्र है। वह मनुष्य धन्य है, जिसके शीर्ष पर किसी तीर्थ की माटी का तिलक हुआ है।

– भारत के जैन तीर्थ–श्रृद्धा व वैभव का आभार

भावनात्मक संदेश

सेवाड़ी, जिला पाली (राज.)

सरस्वती कृपा पात्र, जिन शासन प्रेमी

श्रीमान् मोहनलाल जी बोल्या, उदयपुर

प्रणाम

आपसे जानकारी मिली कि सिरोही जिले के जैन तीर्थों का इतिहास लेखन जारी है। इसमें पूर्व आपश्री ने मेवाड़ के जैन तीर्थ भाग से 4 व वागड़ के जैन तीर्थ पुस्तकें भी लिखी है, जिसमें सम्पूर्ण जानकारी निहित है, अर्थात् गागर में सागर भर दिया है। ये पुस्तकें बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है। प्रत्येक तीर्थ की यात्रा कर जानकारी जुटाने का ऐसा कठिन कार्य आपश्री का जैन धर्म के प्रति समर्पण रखने के कारण ही सम्भव हो सका है। पूर्व के पुण्य तथा भगवती माता सरस्वती की कृपा भी इस कार्य में सहायक रही है।

आगम का सूत्र है 'संतों व सज्जनों का जागते व जगाते रहना ही अच्छा है' इसी भव से आप स्वस्थ व दीर्घायु रहे, ताकि समाज व धर्म उपयोगी साहित्य का सृजन हो सके।

इति शुभम् !

सादर

शुभेच्छु

सोहनलाल एस. सुराणा

(सोहनलाल एस. सुराणा)

तीर्थ हमारी श्रृद्धा एवं निष्ठा का सर्वोच्च मापदण्ड है तीर्थ ही वे माध्यम है जिसके द्वारा हम अतीत के अध्ययन में आंक सकते है चेतना की ऊर्जा, सधनता और वायुमण्डल में चेतना की तरंगे तीर्थो में मिलेगी जो अन्य कही भी नहीं मिल सकती।

शुभ संदेश

डॉ. के. एस. गुप्ता
पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (इतिहास)
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर



भारतीय जन–जीवन में कला का अधिक महत्व रहा है । मेवाड़ इसका अपवाद नहीं है। यहां इस क्षेत्र में वास्तुकला हो अथवा अन्य शिल्पकला की सुदृढ़ परम्परा रही है। मन्दिर स्थापत्य का विशिष्ठ महत्व रहा है। जैन मन्दिर का निम्रण प्राचीन काल से लेकर अब तक अविछन्न रूप से चला आ रहा है। कोई गाँव ऐसा नहीं होगा जहां जैन मन्दिर का निर्माण न हुआ हो। कितने जैन मन्दिर बने उनका आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं है। उनमें भी अनेक उपेक्षा के कारण खण्डित अथवा नष्ट हो गये। नित नये–नये मन्दिर बनते रहने से अनेक प्राचीन मन्दिरों की ओर ध्यान ही नही गया। इस प्रकार सांस्कृतिक परम्परा, मन्दिर शिल्प, जन साधारण में आस्था की गहराई का ज्ञान होने में व्यधान उत्पन्न हुआ। इस प्रकार के अनेक अनछुए पक्ष को उजागर करने का उत्तरदायित्व श्री मोहनलाल जी बोल्या ने उठाया और इस काम में सहयोगी श्रीमान् हरकलाल जी पामेचा रहे। श्री बोल्या जी के अथक प्रयास का परिणाम उदयपुर के जैन मन्दिरों से यात्रा शुरू होकर देलवाड़ा होती हुई सम्पूर्ण मेवाड़ क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रही अपितु वागड़ व राजस्थान के अन्य क्षेत्रों का भी बोल्या जी ने सर्वेक्षण प्रारम्भ किया है।

नगर एवं गांवों तक फैले हुए जैन मन्दिरों की खोज एक दुरह कार्य था। वास्तव में अनेक विपरित परिस्थितियों के कारण मन्दिरों का सर्वेक्षण और उनसे जुड़े तमाम पक्षों का अध्ययन कम चुनौतीपूर्ण नहीं था। इस चुनौती को बोल्या सा. ने धैर्यता, गम्भीरता से सफलतापूर्वक सामना किया। इसके परिणामस्वरूप श्री बोल्या जी के कई ग्रन्थ प्रकाशित है

वागड़ के जैन श्वेताम्बर मन्दिर बोल्या जी और पामेचा जी की नवीनतम कृति है। इसमें क्षेत्र के 111 मन्दिरों के विवरण का समावेश है। इसकी अनुक्रमणिका भी अत्यधिक प्रभावी बन पड़ी है। वैसे भी बोल्याजी के ग्रन्थों का कलेवर व्यापक है। उन्होंने अपनी कृतियों केवल मन्दिरों का इतिहास ही नहीं दिया अपितु मन्दिर के कौने–कौने का महत्व दिग्दर्शित किया है। मन्दिर का निर्माणकाल तथा उसमें रखी हुई मूर्तियों का भी अध्ययन मौलिकता लिए हुए है। मूर्तियां पत्थर या किस धातु की बनी हुई है उनकी ऊँचाई कितनी है, मन्दिर के किन–किन स्थानों पर रखी हुई है, का भी सूक्ष्म अध्ययन उनके लेखन की विशेषता है।

मन्दिरों में उत्कीर्ण शिलालेख भी उनकी नजर से ओझल नही हुए हैं। मन्दिर की व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला गया है। अतः यह पूर्ण विश्वास से कहा जा सकता है उनका मन्दिर चित्रण पर्याप्त व्यापकता लिए हुए है। मन्दिर से सम्बन्धित सभी पक्षों का यथोचित विवरण से उनके ग्रन्थों का जनसाधारण हो या शोधार्थी सबके लिए महत्व बढ़ गया है। निश्चित रूप से बोल्या जी की कृतियां शोध के लिए अनेक नये आयाम उपलबध करायेगी। विषय का विशद् विवरण अपने ग्रन्थों में समावेश करने के लिए श्री बोल्या जी एवं पामेचा जी को साधुवाद। आशा है कि कला, शोध, आस्था जगत के सम्मुख शीघ्र ही उनके द्वारा रचित अन्य ग्रन्थ उपलब्ध होंगे। ग्रन्थों की भाषा सहज व सरल एवं प्रभावी है। मन्दिरों के सुन्दर चित्रों से ग्रन्थ के महत्व में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

एक बार पुनः आपको इन सुन्दर तथा बहुआयामी कृति के लिए बधाई।

(कृष्णकान्त गुप्ता)

संपादक की कलम से



मैं पिछले 15 वर्षों से जैन श्वेताम्बर मंदिर व अन्य पुस्तकों का लेखन सम्पादन का कार्य कर रहा हूँ। मैंने देशवासी को मेवाड़, वागड़ प्रदेश के 550 श्वेताम्बर जैन मंदिरों की जानकारी दी गई। इन मंदिरों में स्थापित हजारों प्रतिमाओ को छुआ (Touch) किया। इस कार्य को करने में एक नवीन ऊर्जा प्राप्त होती रही और मैं अपने कार्य में अग्रसर होता रहा।

मेरा स्वास्थ्य खराब होने से कार्य की (लेखन कार्य) समाप्ति का विचार कर लिया। संयोगवश सिरोही जिले के एक सामाजिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिला वहां एक प्राचीन मंदिर (मूंगथला) का भावपूर्वक दर्शन किए। जानकारी प्राप्त की, उस समय शरीर में एक हरकत हुई, जैसे एक प्रकाश की किरणे (ऊर्जा) मेरे शरीर में प्रवेश कर रही है। विचार आया कि सिरोही जिले के श्वेताम्बर मंदिरों की जानकारी जन साधारण तक पहुँचाए। इसी विचार से प्रेरित होकर सम्बन्धित सामग्री संकलित करने के कार्य में जुट गया। बाद में क्षेत्र के मंदिर से मंदिर जाकर दर्शन किए और पाया कि कई प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार हो गया है और हो रहा है। जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया, पाया कि प्रायः सभी मंदिरों की प्राचीनता उपलब्ध नहीं है।

प्राचीनता को परखने के लिए शिलालेखों, लेख, साहित्य, ताम्रपत्रों की आवश्यकता होती है, अनुभव यह हुआ कि प्राचीन शिलालेख नष्ट हो गए या प्राचीन लेखों पर मार्बल पत्थर लगाने से नष्ट हो गए। 13वीं शताब्दी में हुए युवाचार्य कलिकाल सरस्वती श्री हेमचन्द्रसूरीश्वर जी म.सा. द्वारा रचित ''त्रिषाष्टि पुरूष शलाका चरित'' में श्री अजितनाथ भगवान का जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए, चक्रवर्ती राजा सगर का वर्णन करते हुए, सागर के पुत्रों द्वारा अष्टापद तीर्थ की यात्रा करने का उल्लेख है कि प्राचीन तीर्थ को हटाया नहीं जाए वरन् उसके संरक्षण के बारे में सोचा जाए। इस तथ्य को मैंने मेरी सभी पुस्तकों में लिखा है व आचार्य/साधुसंतों को अनुरोध करता आया हूँ कि जीर्णोद्धार होना चाहिए लेकिन आमूल चूल परिवर्तन कर नूतनता नहीं लानी चाहिए, ऐसा उल्लेख किया । ऐसा करने से हमारे पूर्वाचार्य के प्रति असम्मान होगा और मंदिर की प्राचीनता नष्ट होगी । ऐसे मंदिर वर्तमान सदि का निर्मित माना जाएगा जिससे जैन/अजैन लोगों के मन में भी यह शंका होंगी कि जैन धर्म/संस्कृति अधिक प्राचीन नहीं है। इस पर विचार करना चाहिए। इस बिंदु पर मेरा व्यक्तिगत सुझाव है कि एक समन्वय समिति का निर्माण करना चाहिए और प्राचीन जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार कराने से पूर्व समन्वय समिति से सलाह

लेकर ही होना चाहिए। प्राचीन जैन मंदिर हमारे जैन धर्म, संस्कृति व अतीत का इतिहास जो हमे विरासत में मिले है जो मूल रूप से हमारी आस्था से जुड़ा हुआ है उनका जीर्णोद्धार करने के पूर्व यह सोचना होगा कि उसका पुरातत्व रूप से तकनीकी अपनाकर उनकी प्राचीनता एवं मूल स्वरूप को यथावत बनाए रखना प्रबन्धकारिणी एवं स्थानीय समाज का यह दायित्व है कि प्राचीन शिलालेख एवं पट्टे, ताम्रपत्र व प्रशस्ति में किसी प्रकार का परिवर्तन या नष्ट होता है तो अपराधिक श्रेणी का संज्ञा में आता है। इसके लिए भारत सरकार/राज्य सरकार को भी प्रस्ताव करे और पुरातत्व व प्राचीनता कायम रखे। इसके लिए समन्वय समिति का सुझाव से कार्य हो।

विश्वस्त सुत्रों से ज्ञात हुआ है कि अखिल भारतीय तपागच्छीय साधु सम्मेलन दिनांक 26 व 27 मार्च को सम्पन्न हुआ उसमें यह निर्माण लिया है कि भविष्य में जो भी जीर्णोद्धार होगा या उस समय इस प्रकार से कार्य किये जाये जिससे प्राचीनता बनी रहे, संरक्षित की जाए ।

जब मंदिरों की जानकारी ली तो ज्ञात हुआ कि भगवान महावीर ने 36–37 वर्ष में छद्म अवस्था में इस क्षेत्र में विचरण किया। मूंगथलों से प्राप्त लेख,अनादरा की भूगर्भ से प्राप्त प्रतिमा, नांदिया, बामनवाड़ जी, दियाणा आदि स्थानों पर जीवित स्वामी की प्रतिमा का वर्णन आया है। जिनको भगवान महावीर के भ्राता नंदीवर्धन ने बनवाकर प्रतिष्ठा कराने का उल्लेख है। ऐसी पुण्यधरा के प्रतिष्ठित प्रतिमा का दर्शन करना अपने आप गौरव की बात है और मैं स्वयं अपने आप को धन्य मानता हूँ कि मैंने सिरोही जिले के मंदिरों का अध्ययन का विचार किया। भगवान तीर्थंकरों के आदेश/उपदेश के फलस्वरूप मैंने एक नई ऊर्जा प्राप्त की और यह पुस्तक आपके हाथों में देने का प्रयास किया।

इतिहास हमेशा अमर रहता है जिसका अस्तित्व विश्व में बना रहा और उसी के आधार पर व्यक्तिअतीत की अभिव्यक्ति प्राप्त कर सकता है और उसके माध्यम से या उसको आधार मान कर अपने विचार व्यक्त कर सकता है। यह अभिव्यक्ति शब्दों से की जा सकती है जो अतीत का प्रमाणीकरण भी होता है और वर्तमान को देखा जा सकता है तथा भविष्य को संजोया भी जा सकता है। इन्हीं शब्दों के लेखन से प्राचीनता का प्रमाणीकरण सिद्ध होता है। जैन धर्म की मंदिर संस्कृति कितनी प्राचीन है उसकी कितनी प्रभाविकता, आकर्षित, चमत्कारिता है उसको संकलित लेख व अन्य वर्णन प्रत्येक मंदिर के साथ अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है।

(मोहनलाल बोल्या)

सह संपादक के विचार

मेवाड़–वागड़ की तरह सिरोही एवं गोडवाड (पाली) क्षेत्र का भी गौरवशाली इतिहास रहा है। यह धरती भी धर्मवीरों एवं शुरवीरों की पुण्य स्थली रही है। सिरोही एवं पाली जिले के जिनालय भी बहुत प्राचीन एवं ऐतिहासिक है ऐसा माना जाता है कि इस पुण्य स्थली पर भगवान महावीर का विचरण हुआ था एवं कई स्थलों पर इसका विवरण मिलता है। हिमाचल की तरह सिरोही एवं गोडवाड प्रांत को देव भूमि कहा जाता है। यहां पर सभी जाति एवं सम्प्रदायों के देवालय मिलते है। सिरोही नगर में एक साथ 14 मंदिरों की उपस्थिति अन्यत्र दुर्लभ है। यह महान तीर्थ शत्रुंजय तीर्थ का लघु रूप है। हिन्दुस्तान के किसी भी जिले में इतने जिनालय देवालय नहीं मिलेंगे। जितने अकेले सिरोही जिले में हैं। यहां के छोटे से छोटे गांव में भी आपको जैन धर्म के गौरवशाली इतिहास के दिग्दर्शन कराने वाले जिनालय व देवालय मिल जावेंगे। हर मंदिर में सेवा–पूजा विधि विधान के अनुसार नियमित रूप से होती है, भले ही वहां निवास करने वाले जैन बंधुओं की संख्या न्यून हो। अधिकतर जैन बन्धु अपने व्यवसाय हेतु देश के विभिन्न शहरों में बस गये है। अपनी जन्मभूमि के प्रति अपने असीम प्रेम की वजह से समय समय पर यहां पर आते रहते हैं। आज इस क्षेत्र के करीबन 90% जिनालयों में जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण का कार्य चल रहा है, पुराने देवालयों की जगह नये देवालयों का निर्माण हो रहा है। अरबों रूपये लगाकर कार्य चलरहा है। प्राचीनता को सुरक्षित रखने का प्रयास भी किया जा रहा हैं, प्राचीन शिलालेख एवं अवशेषों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। सबसे प्राचीन शिलालेख इस जिलें मे मिलते है। सिरोही जिले में विश्व विख्यात माउण्ट आबू देलवाड़ा के जिनालय अपनी अदभूत कलाकृति, शिल्पकला, स्थापत्य कला, मूर्तिकला के लिये पर्यटकों का मुख्य आकर्षक का केन्द्र है। आबू के देवालयों की शिल्प एवं वास्तुकला को निहारने हेतु विश्व भर के पर्यटक वर्ष भर आते रहते है। बसन्तगढ़ एवं चन्द्रावती नगरी में प्राचीन अवशेषों को जानने हेतु इतिहासकारों द्वारा खनन का कार्य किया जा रहा है। सिरोही जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों में प्रमुख है।

जिले के छोटे–छोटे गाँव में भी प्रसिद्ध देवालय एवं जिनालय हैं। ये सभी जिनालय अपने आप में अदभूत एवं ऐतिहासिक धरोहर हैं। इस प्राचीन धरोहर को सुरक्षित रखना एवं संरक्षण देना हमारा पुनित कर्तव्य है। जहाँ जीर्णोद्धार आवश्यक है, वहां अवश्य किया जाये, लेकिन प्राचीनता को भी सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है। यहाँ पर उपलब्ध कई प्रतिमाएँ सम्प्रति कालिन है, जो करीबन 2200 वर्ष पुरानी है।

नवीन निर्माण के बजाय प्राचीन मंदिरों को सुरक्षित रखना आवश्यक है। आज ऐसा महसुस होता है कि प्राचीन मंदिरों को जीर्ण–शीर्ण के नाम पर या मंदिरों में कईं दोष बताकर मंदिरों का आमूल–चूल परिवर्तन कर प्राचीन मंदिरों को जमीनदोज कर नूतन मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। कई मंदिरों के शिलालेखों को नष्ट करना ऐतिहासिक धरोहरों के साथ खिलवाड़ है। कई राजा–महाराजा हुए, कई राज्य बने, नष्ट हुए, शहर बने, उजड़े लेकिन कला, साहित्य, संस्कृति, धर्म, प्रतिमा, लेख, शिलालेख, ताम्रपत्र आदि जीवित रहते है। इन्हीं के आधार पर प्राचीनता सिद्ध होती है। श्रीमान् बोल्या साहब ने इस पुस्तक में भी लेख, शिलालेख एवं प्राचीनता पर बल दिया है। इन मंदिरों का वास्तुशास्त्र, शिल्पकला, दर्शन, विज्ञान, चित्रकला आदि का वर्णन इतिहास से प्राप्त होता है।

भारतीय संस्कृति के चिर शाश्वत आधार साम्भ देवालयों, जिनालयों एवं मंदिरो के इतिहास लेखन एवं संकलन के पुनित कार्य में परम श्रद्धेय सुश्रावक ध्येय निष्ठ, समर्पित व्यक्तित्व के धनी, अनेक धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रन्थों के

सृजनकर्मी, महासभा दर्शन पत्रिका के यशस्वी संपादक, चिन्तनशील, विचारक, समाजसेवी, जैन धर्म एवं संस्कृति के रक्षक, देवालयों एवं जिनालयों की प्राचीनता के पक्षधर, गुरू भगवंतों के प्रति निष्ठावान श्रावक, साहसी व्यक्तित्व के धनी, 80 वर्ष की आयु में भी देविय प्रेरणों से युवकों से भी अधिक कार्य करने वाले श्रीमान् मोहनलाल जी साहब बोल्या ने मुझे सुयोग्य समझकर मेवाड़ क्षेत्र के देलवाड़ा, प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़गढ़ जिले, भीलवाड़ा जिला एवं रणकपुर, वागड़ प्रांत के डूँगरपुर, बांसवाड़ा जिले के सभी मंदिरों के इतिहास लेखन एवं संकलन के देवीय कार्य में सहयोगी सम्पादक के रूप में चयनित किया, यह मेरा सौभाग्य है कि सिराही जिले एवं गोडवाड क्षेत्र के जिन मंदिरों के इतिहास लेखन एवं संकलन के कार्य में पुनः आपने अपने सहयोगी के रूप में चयन कर जो मुझे सम्मान दिया है इस हेतु हृदय के आसिम भावों से आपका आभार प्रकट कर अपने आपको गौरान्वित महसुस कर रहा हूँ।

मैं स्वयं इतिहास प्रेमी हूँ इसी इच्छा शक्ति की वजह से पिछले कुछ वर्षों से इतिहास लेखन के परम पुनित कार्य में स्वयं भारतीय इतिहास संकलन योजना चित्तौड़ प्रान्त के संगठन सचिव के नाते अधिकारिक रूप से पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से सक्रिय भूमिका का निर्वाह कर रहा हूँ। जिन शासन के इस देवीय कार्य में सहयोग करना सौभाग्य का विषय है सिरोही प्रांत के इस पुनित चुनौती पूर्ण कार्य को करने में पारिवारिक सदस्यों के सहयोग की महती आवश्यकता रहती है। किसी भी सदस्य के विरोध की स्थिति में यह कार्य करना अत्यन्त कठिन हैं। इस कार्य हेतु सहयोग देने हेतु में आभार प्रदर्शित करता हूँ मेरी धर्म सहायिका श्रीमती प्रेम पामेचा, सुयोग्य सुपुत्र दिनेश एवं परमेश पुत्रवधुओं श्रीमती अर्चना, श्रीमी सीमा, सुपौत्र श्री शुभम मनन, सुपौत्रीया प्रियल (गुल्लु), आर्चि, हनि, पामेचा सुपुत्री श्रीमती पंकज पोखरना, दामाद श्री महेन्द्र जी पोखरना एवं दोहित्री श्री प्रांजल पोखरना। मैं अपना कार्य समर्पित करता हूँ अपने प्रिय सुपौत्र स्व. श्री रिषभ पामेचा का जिसकी मंद मुस्कान आज भी मेरी प्रेरणा का स्त्रोत है। यद्यपि उसे इस नश्वर संसार से विदा हुए 6 वर्ष बीत चुके हैं।

जैन मंदिरों के सुरम्य वातावरण में स्थापत्य तक्षणकला के अद्वितीय, अनुपम, अतुलनीय, मनमोहक, चिन्ताकर्षक, रम्य सुदर्शन वास्तु का चित्रांकन करने में हमारे प्रिय फोटोग्राफर श्री महेश जी दवे (मोली आर्ट स्टुडियो देलवाड़ा जिला राजसमन्द) के योगदान की सराहना करना भी अपना धर्म समझता हुँ। पत्रकार श्री महेश जी दवे की अमूल्य सेवाएँ भी सदैव स्मरण रहेगी। ये अत्यन्त व्यस्त होने के बावजुद भी देवीय कार्य में आंशिक सहयोग दिया। बहुत–बहुत आभार

श्रीमान् बोल्या साहब की यह हार्दिक तमन्ना थी कि पूर्व की भांति इस बार भी इस जटिल कार्य में अपना सहयोग करना। यद्यपि हम दोनों हार्टपेशियन्ट हैं। उम्र भी अधिक हो चुकी है। पता नहीं किस देवीय शक्ति से हम यह कार्य कर सके। यद्यपि सिरोही जिला बहुत छोटा है पाली जिले का गोडवाड प्रांत भी ज्यादा बड़ा नहीं है। लेकिन करिबन 400 जैन मंदिरों में जाना, इतिहास का संकलन करना, फोटोग्राफी करना बहुत ही कठिन कार्य था। कई जगहों पर हमे बहुत ही अच्छा सहयोग स्थनीय धर्म प्रेमी बंधुओं का मिला, परन्तु कुछ बड़े–बड़े क्षेत्रों में फाटोग्राफी हेतु बिल्कुल मना कर दिया गया। बड़ी कठिनाई से पहुँचना, सहयोग की जगह असहयोग बड़ा विचित्र लगा। इन जिलों में कार्य करने एवं देव दर्शन करने में दिल को असिम शान्ति का अनुभव हुआ। सिरोही जिले के जैन मंदिरों एवं इतिहास पर पूर्व में भी कई बन्धुओं ने बहुत कुछ लिखा है।

हमारा प्रयास सिरोही एवं गोडवाड के सभी मंदिरों के इतिहास का संकलन करना, यह सब कार्य पूज्य गुरू भगवंतों एवं धर्म प्रेमी बंधुओं के सहयोग से ही संभव हो पाया है। सहयोग करने वाले सभी बंधुओं का आभार पुस्तक कैसी बनी, इस हेतु आपके सुझाव आमंत्रित है, ताकि भविष्य में आवश्यक संशोधन किया जा सके। मैं भी पिछले 12 वर्षों से इस देवीय कार्य में श्रीमान् बोल्या साहब के साथ सेवारत हूँ।

मानव की पहचान उसकी संस्कृति से और संस्कृति की पहचान उसके इतिहास, साहित्य, कला, धर्म, शिलालेख, ताम्रपत्र से। यदि हमें अपनी पहचान सुरक्षित रखनी है तो हमें हमारे इतिहास का संरक्षण करना होगा। सभी बन्धुओं का एक बार पुनः हार्दिक आभार एवं धन्यवाद।

(हरकलाल पामेचा)
निवासी देलवाड़ा (मेवाड़)
जिला राजसमन्द (राज.)

सह-संपादक का परिचय

नाम	:	हरकलाल पामेचा
माता	:	स्व. श्रीमती भूरीबाई पामेचा
पिता	:	स्व. श्री कन्हैया लाल जी पामेचा
जन्म दिनांक	:	27.08.1945
जन्म स्थल	:	देलवाड़ा (मेवाड़) जिला राजसमन्द (राज.)
शिक्षा	:	एम.ए. (अंग्रेजी, अर्थशास्त्र) बी.एस.सी. एम.एड.
व्यवसाय	:	राज्य सेवा से सेवानिवृत प्राध्यापक (अंग्रेजी)
धर्म सम्प्रदाय	:	जैन धर्म – स्थानक वासी
धर्मपत्नि	:	श्रीमती प्रेम पामेचा (गृहिणी)
प्रकाशन कार्य	:	इतिहास के पत्र वाचन 6 प्रकाशित, आकाशवाणी वार्ता (1987) मूक साक्षी इतिहास के देलवाड़ा के जैन मंदिर, अपनी पत्रिका में 3 आलेख प्रकाशित
संस्थागत कार्य	:	अध्यक्ष शिक्षा समिति, नागरिक विकास मंच, देलवाड़ा सदस्य सम्पादक मंडल : ''अपनी पत्रिका'' 1. हेरिटेज पुस्तक का हिन्दी अनुवाद एवं संशोधन, हेरिटेज कैलेण्डरों का प्रकाशन 2. मेवाड़ के जैन तीर्थ भाग–3 वागड़ प्रांत के जैन श्वैताम्बर मंदिर – सह सम्पादक 3. इतिहास संकलन कार्य (चित्तौड़ प्रांत) 4. पत्रिकाओं में आलेख एवं प्रकाशित (जैन मंदिर, देलवाड़ा, नागदा, संस्कृति) राजस्थान पत्रिका, हलकारा, मुम्बई, सिद्धार्थ फाउण्डेशन सूरत, खबर सम्राट, उदयपुर एवं प्रेस आदि। 5. पत्र–वाचन राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संगोष्टी–10 6. महाविद्यालय एवं विद्यालयों में प्रवचन 7. देवकुलपाटक – देलवाड़ा के देवालयों का इतिहास संकलन
सम्पादक	:	''झाला वंश वारिधी''
केन्द्राधीक्षक	:	15 वर्ष धार्मिक परीक्षा बोर्ड, जोधपुर जेलर परीक्षा, जोधपुर धार्मिक पाठशालाओं में मार्गदर्शन



लेखक की अभिव्यक्ति

मानव जाति बहुत ही दुर्लभ है उसमें भी जैन धर्म में उत्पन्न होना। अनंत पुण्योदय के प्रभाव से मानव जन्म प्राप्त होता है। पूर्व भवों के पुण्योदय के फल से मनुष्य को तीर्थंकर का दर्शन, तीर्थ यात्रा व पूजा का लाभ मिलता है।

तीर्थ कौन सा कहलाता है अरिहंत भगवान ने जो भूमि पवित्र की है वह तीर्थ है। ऐसी ही भूमि सिरोही जिलें की है जहां तीर्थंकर महावीर ने अपने 37 वें वर्ष में छद्म अवस्था में इस क्षेत्र में अनेक स्थानों पर विचरण किया जहां उनकी कई महात्माओं ने कहा कि आत्मा के तारे वह तीर्थ है उन्होंने प्राचीन तीर्थ के बारे में वर्णन किया है :–

ख्यातो अष्टापद पर्वतो गजपद सम्मेत शैलाभिधः, श्रीरैवतकः प्रसिद्ध महिमा
शत्रुंजयो मण्डपः

वैमारः कनकाचलो बुंद गिरिः श्रीचित्रकुटदयः स्तवं श्री ऋषभोदेया जिनवराः कुर्वन्त वोमंगलम्

यद्यपि सभी तीर्थंकर की अलग–अलग स्थानों पर जन्मस्थली है लेकिन तप, साधना, एकांत में ही होती है। ऐसा ही उदाहरण तीर्थंकर महावीर का है जिसका वर्णन किया जा रहा है। भगवान महावीर की साधना की भूमि भी एकांत में है।

तीर्थ दर्शन की महिमा बहुत अधिक बताई गई है। महात्माओं ने वर्णन करते हुए बताया है कि :–

दर्शनं देव देवस्य, दर्शनम् पापनाशनम्।
दर्शनम् स्वर्ग सौपानम्, दर्शनम् मुक्ति साधनम्।।

अर्थात् देव (अरिहंत) के दर्शन से पाप नष्ट होते है और दर्शन से स्वर्ग प्राप्त होकर मुक्ति अर्थात् मोक्ष प्राप्त हो जाता है। दर्शन मात्र से ही मुक्ति प्राप्त होती है।

इसी उद्देश्य को लेकर लेखक ने मेवाड़ के (उदयपुर नगर, उदयपुर, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा जिले के समस्त तीर्थ (मंदिर) व वागड़ प्रदेश (डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिले के समस्त मंदिर) के दर्शन किये व अब सिरोही जिलें के सभी मंदिरों के दर्शन करने का सौभाग्य मिला ऐसी पुण्य धरा जहां तीर्थंकर प्रभु की चरण है

अतः सभी मंदिरों के दर्शन कर गौरवान्वित हो रहा हूँ। इसके साथ पाली जिले के भी कुछ प्राचीन तीर्थों का वर्णन किया जा रहा है।

सम्पूर्ण सिरोही जिला अपनी संस्कृति, वास्तुकला, चित्रकला व शौर्य का गौरवशाली इतिहास रहा। जिसमें आबू पर्वत पर स्थापित आबू के जैन मंदिर व प्रतिमा है जहां की वास्तुकला सर्वाधिक प्रसिद्ध है।

हिन्दू देव–देवी की पूजा–पाठ प्रतिष्ठा आदि के लिए भी प्रसिद्ध रहा है। जिसका एक मात्र खण्डहर बसंतगढ़, चन्द्रावती नगरी, लाखावती नगरी, पद्मावती नगरी थी जो किसी समय में कला की दृष्टि से भी विकसित थी इसके अतिरिक्त वीरवाड़ा, दत्ताणी आदि स्थान प्रसिद्ध रहे। जहाँ महारावों की शौर्यगाथा महत्वपूर्ण रही। मुगलकालीन आक्रमण में कई प्रतिमाएं, किला, नगरी नष्ट हो गई, इसलिए संस्कृति का ह्रास हुआ, कई प्रसिद्ध किले नष्ट हो गए। मध्य पाषाणी युग की कला का संग्रह चंद्रावती नगरी में दिखाई देते है वहां पर पुरातत्ववेता ने खोज की है कि मानव द्वारा पत्थरों पर नक्काशी का कार्य होता था।

ऐसी कहावत है कि ''पूछते–पूछते गंगा तक जाया जा सकता है लेकिन विचार शुद्ध हो।''

प.पू. उपा. श्री जिनविजय जी म.सा. ने स्पष्ट लिखा है कि कुमत रूपी अंधकार से जिनकी आँखे बंद है उसे मार्ग पुछा नहीं जाता। मार्ग अनजान हो सकता है फिर भी चलेगा पथिक ही चाहे वह अनजान व अज्ञानी हो। पर पथदर्शक पूर्ण रूप से परिचित होना चाहिए। उनसे पूछा जा सकता है। प्रयास मेरा था, पथ–प्रदर्शक परिचित होना चाहिए। मेरे पथ प्रदर्शक के रूप में आचार्य श्री हेमचद्रसूरीश्वरजी म.सा., आचार्य श्री कल्याणबोधिसूरीश्वरजी म.सा., पं. श्री अपराजित विजयजी म.सा., आचार्य भगवंत श्री जितेन्द्रसूरीश्वरजी व श्री निपुणरत्नविजयजी म.सा. आदि के दर्शन हुए सही मार्ग दिखाकर मुझे मंजिल तक पहुँचाया, मंजिल तक पहुंचाने के साथ–साथ आप श्री ने मानव जीवन के सफल जीवन के लिए, पाप से छूटने, धर्म से जुड़ने के लिए, आत्म प्रगति की साधना के लिए व अज्ञानता को समझाने व छोड़ने के लिए हमेशा ज्ञान रूपी गंगा को मेरी ओर मोड़ा, इसके साथ–साथ अन्य गुरूओं ने भी मेरा मार्ग प्रशस्त कर मुझे सम्बल दिया उन सभी को नतमस्तक होकर भावपूर्वक वंदना ।

पुनः यही बार–बार अनुरोध है कि गुरूदेव, मुझ में हजारों कमी है, मुझे कोई धर्म की जानकारी नहीं है। मेरी सभी कमी को इस तरह से परिवर्तन कर दी गुरूदेव ने, जैसे एक खारे समुद्र को आपने अपने अमृत रस से उसको मीठी झील बना दी कोटि–कोटि वंदन ।

इस ग्रंथ को तैयार करने के लिए निम्नों सदस्यों से सहयोग प्राप्त हुआ जिनके लिए हृदय से आभारी है :

1. श्रीमती सुशीला बोल्या पत्नी मोहनलाल बोल्या (लेखक)
2. श्रीमती नीरू पत्नी श्री राजेन्द्र लोढ़ा (पुत्री–पुत्री दामाद)
3. श्रीमती निशी पत्नी श्री अशोक खमेसरा (पुत्री–पुत्री दामाद)
4. श्री सौभाग्यचंद्र कल्याण जी पेढ़ी, पिण्डवाड़ा
5. श्री सोहनलाल जी सुराणा नि. सेवाड़ी (पाली) हाल ठाणा
6. श्री चंद जी सिंघवी, पाल लिंक रोड़, जोधपुर
7. श्री हरकलाल जी पामेचा, नि. देलवाड़ा (राजसमंद) क्षेत्र में साथ रहकर संकलन में सहयोग प्रदान किया । (सुकृत सहयोग)
8. श्री महेश दवे नि. देलवाड़ा (राजसमंद) क्षेत्र में साथ रहकर फोटोग्राफी में आंशिक सहयोग प्रदान किया (सुकृत सहयोग)
9. श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मंदिर ट्रस्ट, उदयपुर

10. श्री जय जिनेन्द्र सेवा संघ, पूना (महाराष्ट्र), अध्यक्ष श्री विमलचंदजी मूथा

11. श्री दलपतसिंह पुत्र श्री नन्दलाल दोशी, उदयपुर लेख सुधार में सहयोग (सुकृत सहयोग)

12. स्व. श्रीमती कमलादेवी पत्नी स्व. हिम्मतसिंहजी बोल्या की स्मृति में श्रीमती चन्द्रा पत्नी श्री दलपतसिंहजी बोल्या

13. अम्बावाडी जैन संघ अहमदाबाद की बहनों द्वारा सहयोग

14. गांधीनगर जैन संघ अहमदाबाद की बहनों द्वारा सहयोग

15. श्री रांदेर रोड़ जैन संघ सूरत द्वारा सहयोग

16. श्री दिलीप जी चोरड़िया, उदयपुर

उन सभी सदस्यों को जिनका प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्राप्त हुआ– हार्दिक आभार।

प्राचीनकाल से मानव अपनी सुख शांति की खोज करता आ रहा है लेकिन भौतिक सुख–सुविधा के कारण आत्मिक शांति प्राप्त नहीं हुइ। इसकी खोज के लिए शुद्ध वातावरण में शांत व एकांत व पवित्र स्थलों को खोजा और उन स्थानों को खोज निकाला वह जैन समाज के लिए मंदिर है। अन्यों के लिए मस्जिद, गिरिजाघर, गुरूदेव व वैदिक धर्म अनुयायियों के लिए मंदिर है।

मंदिर में प्रतिष्ठित प्रतिमाऐं उन महान आत्माओं (तीर्थंकर) की है जिन्होंने जीवन में सर्वोच्च पद को प्राप्त कर लिया है उनके दर्शन से ही हमारे समर्पित भावों की अभिव्यक्ति है। ये प्रतिमाएं किसी व्यक्ति विशेष की नहीं उनके आदर्शों की है।

जैन मंदिरों में प्रतिष्ठित प्रतिमा को खड़ी कार्योत्सर्ग या पद्मासन में विराजित होती है। इसका अभ्रिपाय है उन्होंने काम, क्रोध, अहंकार, मोह, माया से विरक्त हो गए है और राग–द्वेष से मुक्त हो गए अतः घाती कर्मों का क्षय कर सर्वोच्च पद प्राप्त कर लिया। उनके दर्शन, पूजन करे और उसी अवस्था में ध्यानस्थ समाधिस्थ कर अपने आप में आनन्दित होते है और मानव अपने शरीर को मंदिर और आत्मा–परमात्मा हो जाती है।

इन्हीं भावों से .....

जब मैंने मूरत देखी प्रभु की तब ही पुण्य दशा, मैत्री जागी, जन्म–जन्म के दुरित गए सब कुमति कुटिलता दुर्मति भागी। वस्तु – दृश्य के देखने मात्र से चिकार उत्पन्न होते है यथा हाव भाव से नृत्य करने वाली नृत्यकी को देखने से मन में विकार–भाव उत्पन्न होते है। उसी प्रकार प्रभु की शांत, गंभीर व वीतराग भाव युक्त प्रतिमा को देख वीतराग भाव उत्पन्न होता है। इसके लिए ज्ञान का प्रसार करना ही मेरा एकमात्र उद्देश्य है।

संकलन करना एक कला है और इस कला के माध्यम से विभिन्न विद्वानों के विचार जो विभिन्न पुस्तकों, विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित है। जिनको खोजना भी कठिन कार्य है जो यथा संभव खोज कर विभिन्न स्थानों से एकत्रित कर पुस्तक में अपनी भाषा में समावेश किए है जो शोधार्थी के लिए उपयुक्त रहेगी और इस शोध को आगे बढऋाने से सहयोगी होंगे व यह पुस्तक उनके लिए मार्गदर्शक बनेगी इसके साथ नवीन सामग्री व अछूते आयामों को भी समावेश किया है वे भी समाज के लिए उपयोगी रहेगी, ऐसी मान्यता है।

पुनः जिले की सभी जैन–अजैन संस्थाओं, व्यक्तियों ने इस कार्य में सहयोग प्रदान किया, उनका आभार

(मोहनलाल बोल्या)

लेखक - परिचय

- नाम – मोहनलाल बोल्या
- माता – स्व. श्रीमती गुलाबकुंवर बोल्या
- पिता – स्व. श्री रोशनलाल जी बोल्या
- जन्म स्थल – उदयपुर
- जन्म दिनांक – 15 जून, 1936
- शिक्षा – बी.कॉम, एम.ए. (समाज शास्त्र)
- पत्नी – स्व. श्रीमती बसंत बोल्या एवं श्रीमती सुशीला बोल्या
- धर्म – जैन धर्म, मूर्ति पूजक समाज
- व्यवसाय – सेवानिवृत
  जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी

प्रकाशित, संपादित पुस्तकों की सूची

- उदयपुर नगर के जैन श्वेताम्बर मंदिर एवं मेवाड़ के प्राचीन जैन तीर्थ
- मेवाड़ के प्राचीन जैन तीर्थ-देलवाड़ा के जैन मंदिर
- श्री जैन श्वेताम्बर तीर्थ- केशरिया जी
- नवकार मंत्र स्मारिका
- मेवाड़ के जैन तीर्थ भाग - 1
- नमोकार मंत्र - महामंत्र (मौन साधना, मंत्र)
- मेवाड़ के जैन तीर्थ भाग - 2
- मेवाड़ के जैन तीर्थ भाग - 3
- वागड़ के जैन श्वेताम्बर मंदिर
- सिरोही एवं पाली जिले के जैन श्वेताम्बर मंदिर
- महासभा दर्शन (मासिक पत्रिका)
  जनवरी, 11 से जनवरी, 2016 तक
- संस्थागत कार्य
  कार्यकारिणी सदस्य :
  श्री जैन श्वेताम्बर महासभा, उदयपुर व संयोजक - ज्ञान खाता
  श्री जैन श्वेताम्बर चतराम का उपासरा, उदयपुर

सिरोही का इतिहास

सिरोही राजस्थान (राजपुताना) के दक्षिण–पश्चिम में 24.20 और 25.10 उत्तर अक्षांश तथा 72.16 और 73.10 पूर्व रेखांश के बीच में स्थित हैं। यह राज्य सिरणवा नामक पहाड़ी के नीचे बसा हुआ हैं। जिसकी राजधानी सिरोही है। इसको महाराव सेंसमल ने वि.सं. 1482 में बसाया था। इनका राजमहल भी ऊँचे पहाड़ी पर बना हुआ हैं, इस राजमहल के नीचे ही थोड़ी दूरी पर जैन मंदिरों का समूह एक ही लाइन में स्थापित है। इस लाइन को या मार्ग को 'देरासर की गली' कहा जाता हैं। जैन मंदिरों के अतिरिक्त वैदिक धर्म के भी अनेक मंदिर स्थापित है। यह प्रदेश का छोटा सा राज्य है जिसमें अनेक जैन मंदिर है जिसके कारण इसको लघु शत्रुंजय कहा जाता है। दूसरा नाम देव नगरी है।

सिरोही राज्य पर शासन मौर्यवंश से प्रारंभ हुआ। मौर्य राज्य की उत्पत्ति के बारे में कहा जाता है कि नंदवंश के राजा महानंद की मुरा नाम की शुद्र (नाई) जाति की राणी से चन्द्रगुप्त उत्पन्न हुए और अपनी माता के नाम से मौरी (मौर्य) कहलाया। ई.सं. पूर्व 321 के लगभग चन्द्रगुप्त ने नंदवंश को नष्ट कर हिमालय से विन्ध्याचल क्षेत्र तक देश पर राज्य करने लगा, इसकी राजधानी पटना रही तथा इस राज्य का महानायक चाणक्य ब्राह्मण था। चाणक्य के सहयोग से पाटलीपुत्र (पटना) का राज्य प्राप्त कर पंजाब आदि से युननियों को निकाल कर उन सभी देशों को अपने अधिकार में लिया। बादशाह सिकन्दर की मृत्यु के बाद ई.सन् पूर्व 305 के लगभग सिरिआ का युनानी बादशाह सेल्यूकस निकेटार भारत की सीमा पर आक्रमण के लिए आया तब उसने सोचा कि चन्द्रगुप्त को हराना संभव नहीं है तो उसने सिन्धु के उत्तर का हिन्दुकश पर्वत का सारा भाग चन्द्रगुप्त को दे दिया तथा अपनी बेटी का विवाह उसके साथ (चन्द्रगुप्त) कर दिया। चन्द्रगुप्त के देहान्त के बाद उसका बेटा बिन्दुसार शासक बना। इसके बाद क्षत्रप व महाक्षत्रप का शासन रहा।

इसके बाद चंद्रवंशी क्षत्रिय राजा बने। लेखों से ज्ञात होता है कि गुप्तवंशीय राजा का प्रभाव बहुत अधिक बढ़ा। गुप्त वंश का शासन करीब 600 वर्ष तक चला जिसके फलस्वरूप गुप्तवंश प्रसिद्ध हुआ। इस वंश का घटोत्कच हुआ। इसके वंशोवंश उतार चढ़ाव होते हुए हुडवंश, बैसवंश, चावड़ावंश, गुहिलवंश, पड़िहारवंश, सोलंकीवश, परमारवंश व चौहानवंश का शासन रहा।

चौहान वंश इस समय परमारों की तरह अपने को अग्निवंशी कहते है और अपने मूल पुरूष चाहमान या चौहान जो ऋषि व शिष्य द्वारा आबू पर्वत पर अग्निकुण्ड से उत्पन्न होना मानते। वि.सं. 1600 के पूर्व के चौहान राजा अपने साथ कई शिलालेख लाए है। जिनमें अग्निवंश का कोई उल्लेख नहीं आता और वि.सं. 1300 में एक शिलालेख आबू व अचलेश्वर के मंदिर के एक स्तम्भ पर देवड़ा का राज्य स्थापित था जिसका नाम रावलूम्भा था। महाराव लूम्भा के महाराव उदय सिंह हुए बाद में मानसिंह सुरताण से सर केसरसिंह और अंतिम रूप से वर्तमान में श्री चौहानवंशीय है। चंद्रावती नगरी पर निरन्तर मुगलकालीन आक्रमण से रावलुम्मा ने वि.सं. 1462 में खोबा को (सिरोही का प्राचीन नाम) अपनी राजधानी बनाई और वहां की जनता अलग–अलग नगरों में जा बसी अधिकतर बालदा में बसी। प्रारम्भिक अवस्था में बालदा ही राजधानी मानी गई बाद में खोबा उपयुक्त नहीं होने से उसके पुत्र सहसमाल ने वर्तमान सिरोही को राजधानी बनाई।

जैन धर्म व प्राचीनता तथा मूर्तिपूजा की प्रचलन/प्राचीनता का वर्णन पिछली पुस्तक में किया है। अब सिरोही जिलें के जैन श्वेताम्बर मंदिरों का इतिहास व प्राचीनता का वर्णन किया जा रहा है। मेरा कार्य अध्ययन क्षेत्र जैन श्वेताम्बर मंदिर होने से मंदिरों का इतिहास के साथ समुचित महारावों का वर्णन भी किया जा रहा है।

सिरोही जिले का नक्शा

SIROHI DISTRICT
Bithura
Manadar
Jharoli
Jogapura
Shivganj
Kailash Nagar & Las
Joyla
Taleta
Posaliyan
Jetpura
Arathwara
Satapura
Sagaliya
Manora
Bhutgoon
Bagseen
Uthmau
Varara
Jamotra
Gol
Andor
Pairi
Chuli
Barloot
Jawal
Chotila
Bawal
Gurha
Ud
Kolar
Mohabbatnagar
Padeev
Dewa ka Bera
Kalandri
Goyali
